# जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो के सम्बन्ध में दिनांक 13.06.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय हरदोई की अध्यक्षता में दिनांक 13.06.2023 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक, कलस्टर हेड एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई तथा जिला समन्वयक डी0पी0एम0यू0 (जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई) उपस्थित रहे समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत निर्देश दिये गये–

1- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में यह पाया गया कि द्वितीय चरण में FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) के लक्ष्य 1,24,881 के सापेक्ष 83,263 व तृतीय चरण में 4,60,042 के सापेक्ष 74,132 की पूर्ति अभी तक की गयी है। पूर्व में सभी अवर अभियंताओं को यह निर्देशित किया गया था कि प्रति ब्लॉक, प्रतिदिन कम से कम 100 FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) का कनेक्शन किया जाए परंतु लक्ष्य की पूर्ति न होने पर बैठक में उपस्थित सभी अवर अभियंताओं ने उसका कारण कार्यदायी संस्था एन0सी0सी0 लि0 द्वारा मैन पावर न बढ़ाया जाना बताया गया। पूर्व में भी एन0सी0सी0 लि0 को मैन पावर बढ़ाने हेतु निर्देशित किया गया था परंतु आपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है। बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि 15 दिन के अन्दर अपेक्षित प्रगति प्राप्त न होने पर अधोहस्ताक्षरी की ओर से एन0सी0सी0 लि0 को कारण बताओ नोटिस जारी करायें।
**(कार्यवाही–अधिशासी अभियंता, समस्त अवर अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

2- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में उपस्थित एन0सी0सी0 लि0 के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि द्वितीय चरण के बचे हुए FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) को 30 जून 2023 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

3- अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्माण कार्यो की समीक्षा में यह पाया गया कि द्वितीय चरण की 4 योजनाएं क्रमशः 1. आलमनगर विकासखंड टोडरपुर, 2. साहुलपुर विकासखंड अहिरोरी, 3. इटारा विकासखंड पिहानी, 4. शाहपुर चमरहा विकासखंड बेहन्दर में बोरिंग के कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुए हैं। परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि उसे शीघ्र पूर्ण कराकर अद्योहस्ताक्षरी को अवगत कराये।
**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

4- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में एन.सी.सी. के द्वितीय चरण के निर्माण कार्यो को समीक्षा करने पर यह पाया गया कि पंप हाउस निर्माण के लक्ष्य 225 के सापेक्ष 221, सोलर पैनल स्थापना के लक्ष्य 225 के सापेक्ष 187, ओवर हेड टैंक 225 के सापेक्ष 219 पर कार्य प्रगति पर है एवं पाइप लाइन 3265 कि.मी0 के सापेक्ष 2806 किमी0 की पूर्ति अब तक की गयी है। उपरोक्त में सोलर पैनल की स्थापना की प्रगति संतोषजनक न होने के कारण परियोजना प्रबंधक एन0सी0सी0 लि0 को अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा अवशेष कार्यो को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।
**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

5- अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक में एन0सी0सी0 लि0 के तृतीय चरण के निर्माण कार्यों को समीक्षा करने पर प्रगति संतोषजनक नहीं पायी गयी जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की गयी तथा परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि द्वितीय चरण के अवषेश FHTC (फंक्शनल हाउस होल्ड टैप कनेक्शन) को माह जून, 2023 तक पूर्ण करें तथा तृतीय चरण के अगले दो माह (अर्थात अगस्त 2023) तक की कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

**(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई)**

(मंगला प्रसाद सिंह)
जिलाधिकारी
हरदोई।

# कार्यालय जिलाधिकारी, हरदोई।

पत्रांक : 2177 / आ-70 / 458 दिनांक 30/6/23

**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हरदोई को अनुपालनार्थ।-
4. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

जिलाधिकारी
हरदोई।